(ख) माल डिब्बों का उत्पादन बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये हैं:—

(I) माल डिब्बों के लिए पहले से पर्याप्त आर्डर दिये गये हैं।

(II) देशी साधनों से उपलब्ध इस्पात और पहियों के सेटों की कमी को रेल प्रशासन बढ़े हुए उत्पादन की पूर्ति के लिए, आयात द्वारा पूरा करते हैं।

(III) सेण्टर बफ़र कपलर, रोलर बियरिंग धुरा बक्से आदि माल डिब्बों के महत्वपूर्ण पुर्जों की, उत्पादन के अनुरूप, पर्याप्त सप्लाई की व्यवस्था की जा रही है।

(iv) तीन रेल कारखानों अर्थात् अमृतसर (उत्तर रेलवे), गोल्डन राक (दक्षिण रेलवे) और समस्तीपुर (पूर्वोत्तर रेलवे) कारखानों में माल डिब्बों के उत्पादन लक्ष्य को, चौपहियों के हिसाब से, लगभग 2,000 से बढ़ा कर 4,000 प्रति वर्ष कर दिया गया है।

भूतपूर्व सैनिकों और लड़ाई में मारे गये सैनिकों के परिवारों के सदस्यों को पेट्रोल पम्पों और गैस की एजेंसियों का दिया जाना

*109. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों और लड़ाई में मारे गये सैनिकों के परिवारों के सदस्यों को हाल में पम्पों और गैस की एजेंसियां देने की सुविधा प्रदान की हैं;

(ख) यदि हां, तो इससे 1972 में कितने भूतपूर्व सैनिकों और लड़ाई में मारे गये सैनिकों के परिवारों के सदस्यों को लाभ पहुंचा है; और

(ग) क्या असैनिक लोगों को इस प्रकार की सुविधाओं से बिल्कुल वंचित कर दिया गया है।

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री देवकान्त बरुआ : (क) जी हाँ।

(ख) 1972 के दौरान इस योजना के अधीन भारतीय तेल निगम की 22 फुटकर विक्रय केन्द्र और 33 इण्डेन वितरण एजेंसियां चालू की गई थी। साझेदारी आदि में एक से अधिक अभ्यर्थी को दिये गये फुटकर विक्रय केन्द्र/वितरण एजेंसी की गणना करते हुए, लाभ भोगियों की कुल संख्या 65 व्यक्ति हैं।

(ग) जी नहीं, किन्तु उपर्युक्त (ख) में कथित श्रेणियों के लिए एजेंसियों/वितरण एजेंसियों के आवंटन में प्राथमिकता दी जाती है।

Setting up of a Fertilizer Plant at Nagaur (Rajasthan)

*110 SHRI RAJDEO SINGH: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) whether nearly 200 million tonnes of good quality gypsum deposits have been traced in the region of Jodhpur in Rajasthan;